St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 3 **Date**:16.06.2020

Topic – मुहावरे और अपठित गद्यांश **Answer worksheet -21**

निम्न मुहावरों के अर्थ लिखो :-

1) गुड़ गोबर कर देना - काम बिगाड़ देना
2) आँसू पोंछना - हिम्मत बँधाना
3) पहाड़ टूटना - भारी मुसीबत आना
4) घी के दिए जलाना - खुशियाँ मनाना
5) हवा से बातें करना - बहुत तेज़ दौड़ना

मुहावरों से खाली जगह भरो :-

6) गलत काम करने वाला दूसरों से आँखें चुराते हैं।
7) मैंने परीक्षा के लिए कमर कस ली है।
8) कार की दुर्घटना में किसी का बाल भी बाँका नहीं हुआ।
9) काम करने के बाद मज़दूर की आँख लग गई।
10) रोहित हर काम में अगर - मगर करता है ।

निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :-

11) कलई खुलना - नेताजी की जनता के सामने कलई खुल गई।
12) अंग - अंग ढीला होना - काम करते- करते माँ का अंग - अंग ढीला हो गया।
13) आग में घी डालाना - गलत बातें आग में घी डालने का काम करती हैं ।
14) गाल बजाना - ऐसे लोगों की बात पर ध्यान नहीं देना चाहिए , जो हमेशा गाल बजाते हैं।
15) अपना उल्लू सीधा करना - आजकल हर आदमीं अपना उल्लू सीधा करने में लगा रहता है।

अपठित गद्यांश :-

कश्मीर भारत के सुंदर स्थानों में से एक है | यहाँ की सुंदरता देखने योग्य है |यहाँ शालीमार और निशात बाग जैसे मनोहर बाग हैं | यहाँ की डल झील में शिकारे चलते हैं , जिसमें लोग रहते हैं |कश्मीर के सेब , केसर और हस्तकारी का काम बहुत प्रसिद्ध है | यहाँ देश - विदेश से पर्यटक हर साल आते हैं |कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

16) कश्मीर कैसा स्थान है ?

उ) कश्मीर बहुत ही सुंदर स्थान है |

17)कश्मीर के दो प्रसिद्ध बाग कौन कौन से हैं ?

उ) शालीमार बाग और निशात बाग कश्मीर के दो प्रसिद्ध बाग हैं |

18)कश्मीर को क्या कहा जाता है ?

उ) कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है |

19)बहुवचन बनाओ - झील - झीलें

20)वाक्य बनाओ :- पर्यटक - दक्षिण भारत में पर्यटक बहुत आते हैं |

Poonam Mehra